सार-समाचार

## विद्यालय को कूलर भेंट

**सूरौठ, ( निसं )।** सूरोठ के समीप ग्राम बाईजट्ट स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीईईओ एवं प्रधानाचार्य रहीमुद्दीन खान ने की। प्रधानाचार्य रहीमुद्दीन खान एवं शारीरिक शिक्षक नरेंद्र बाबा ने बताया कि विदाई समारोह के दौरान विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12 के छात्रों को परीक्षा में उपयोग आने वाली सामठी भेंट कर शुभकामनाओं के साथ विदा किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन व्याख्याता पालन सिंह गंधार एवं कक्षा 11 की छात्रा सोनम प्रजापत द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह भागौर ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान आवश्यक सावधानियाँ रखने तथा तनावमुक्त रहकर अध्ययन करने के टिप्स दिए। उप-प्राचार्य बनी सिंह मीणा ने विद्यार्थियों से पूर्ण मनोयोग से परिश्रम कर विद्यालय का परीक्षा परिणाम पूर्व वर्षों से भी बेहतर बनाने का आ ान किया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय को एक कूलर भेंट किया गया, जिसकी सभी ने सराहना की। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार मीणा, देवेंद्र धीरावत, बनवारी लाल मीणा, नीतू शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, मुकेश कुमार भागौर, धर्मेंद्र कुमार भागौर, तेज सिंह गुर्जर, श्री लाल माली, पुष्कर शर्मा, मनोज, राकेश सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

## शादी में सर्व समाज सहायता टीम का कन्यादान

**सूरौठ, ( निसं )।** सर्व समाज सहायता टीम द्वारा समाज सेवा की एक सराहनीय मिसाल पेश करते हुए सूरौठ तहसील के गांव हुक्मीखेड़ा निवासी राजेश हरिजन की दो पुत्रियों संजना एवं रचना की शादी में कन्यादान किया गया। टीम के सदस्य करतार सिंह चौधरी ने बताया कि जैसे ही टीम को ज्ञात हुआ कि दोनों बच्चियों का विवाह 10 फरवरी 2026 को होना है, तो सहायता का निर्णय लिया गया और इसके लिए तुरंत मुहिम शुरू की गई। उन्होंने बताया कि यह परिवार मजदूरी कर अपने बच्चों का पालन-पोषण करता है, ऐसे में आर्थिक स्थिति को देखते हुए टीम ने सहयोग करने का संकल्प लिया। सर्व समाज सहायता टीम करौली पिछले तीन वर्षों से असहाय एवं पीड़ित परिवारों की सहायता कर रही है तथा अब तक 18 बच्चियों की शादी में सहयोग प्रदान कर चुकी है। टीम द्वारा विवाह में एक फ्रिज, दो अलमारी, एक बक्सा, दो कूलर, चार कुर्सियां, एक टेबल सहित अन्य घरेलू सामान कन्यादान स्वरूप भेंट किया गया। इस अवसर पर राजवीर सिंह डागुर, जियालाल डागुर, करतार सिंह चौधरी धंधावली, हरिचरण, रामलाल, कमल सिंह, शशिकपूर एवं हरी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## विराट हिन्दू सम्मेलन आज

**गंगापुर सिटी।** रविवार को सैनिक नगर क्षेत्र की अखंड बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम एफसीआई गोदाम के पास अखंड ज्योति स्कूल परिसर के समीप होगा। यह आयोजन सनातन विचारधारा के सामाजिक जागरण में लगे संघ के स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। इस संबंध में शुक्रवार को एक बैठक हुई, जिसमें तैयारियों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक गोविंद दीक्षित ने बताया कि सम्मेलन का शुभारंभ रविवार प्रातः 11 बजे विशाल मंगल कलश यात्रा से होगा। यह यात्रा कर्मचारी कॉलोनी स्थित बालाजी मंदिर से शुरू होगी, जिसमें सैकड़ों महिलाएं भारतीय परिधान में कलश लेकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगी। राष्ट्रीय एकता, सनातन संस्कृति और प्रेरणादायक महापुरुषों पर आधारित सजीव झांकियां भी यात्रा का हिस्सा होंगी। सम्मेलन में सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और जन जागरण से जुड़े विषयों पर बुद्धिजीवी विचारक अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम में कुटुंब प्रबोधन सत्र, हिंदू गौरव पुरस्कार वितरण और धर्माचार्य संतोष महाराज का उद्बोधन भी प्रस्तावित है। इस आयोजन में अखंड बस्ती के सैनिक नगर, कर्मचारी कॉलोनी, सैनी कॉलोनी, सपेरा बस्ती, एफसीआई गोदाम क्षेत्र और नई अनाज मंडी से उदय चौराहा बाइपास तक के नागरिकों की सहभागिता रहेगी।

## गंगापुर सिटी को पुनः जिला बहाल करने की मांग

**गंगापुर सिटी।** राजस्थान राज्य का 11 फरवरी को आने वाले बजट में गंगापुर सिटी को पुनः जिला बहाल करने हेतु सामाजिक कार्यकर्ता वेद प्रकाश मंगल एवं नरेश कुमार दुबे ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री को ईमेल व पत्र भेजकर क्षेत्र के विकास के लिए गंगापुर सिटी को पुनः जिला बहाल करने की मांग की है। पत्र में लिखा है गंगापुर सिटी को जिला बनने के मापदंड को देखते हुए पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा जिला स्थापित किया गया। इसके चलते क्षेत्र की जनता को आशाएं जागी की क्षेत्र का समूचा विकास होगा। जिला गंगापुर सिटी 1 वर्ष के कार्यकाल को वर्तमान राजस्थान सरकार द्वारा निरस्त कर जिला समाप्त कर दिया जिसके चलते क्षेत्र का विकास रुक गया एवं आम जनता में मायूस के साथ आक्रोश की भावना है। राजस्व और भौगोलिक दृष्टि एवं जनसंख्या के आधार पर एवं क्षेत्र की आम जनता की वर्षों की मांग को देखते हुए जिला स्थापित हुआ था। जिला स्थापित होने के बाद यहां पर सभी प्रकार के विभाग एवं कार्यालय स्थापित कर दिए गए, कई विभागों के लिए वित्तीय स्वीकृति भी जारी कर दी गई। वर्तमान सरकार द्वारा राज्य के कई नव स्थापित जिलों को निरस्त किया गया जिसमें जिला गंगापुर सिटी को भी शामिल किया गया लेकिन गंगापुर सिटी जिला को समाप्त करने का कोई भी मापदंड अपनाया नहीं गया और ना ही उसका कोई उचित कारण या वजह स्पष्ट की गई। पत्र में मुख्यमंत्री से निवेदन करते हुए बजट सत्र में गंगापुर सिटी वजीरपुर बामनवास क्षेत्र के लोगों की उम्मीद को पूरा करते हुए गंगापुर सिटी को जिला बनाने की मांग की है।

## वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आज, कृषि मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**गंगापुर सिटी।** अग्रवाल शिक्षण संस्थान की ओर से संचालित अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज, अग्रवाल महिला बीएड कॉलेज और अग्रवाल बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय का संयुक्त वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह शनिवार को अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज परिसर में सुबह 11.30 बजे से आयोजित किया जोयगा। शुक्रवार को पदाधिकारी ने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। संस्थान के महामंत्री गिर्राज प्रसाद गुप्ता ने बताया कि वार्षिकोत्सव समारोह के मुख्य अतिथि डॉ किरोड़ी मीणा कैबिनेट मंत्री कृषि एवं ग्रामीण विकास एव श्योप्रसाद अग्रवाल हबीवपुर वाले होंगे। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर , निवर्तमान सभापति नगर परिषद गंगापुर सिटी शिवरतन अग्रवाल, सेवानिवृत्त मुख्य नगर नियोजक राजस्थान सरकार राजेश तुलारा, विशेषाधिकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संतोष कुमार गोयल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल शिक्षण संस्थान अध्यक्ष दीनदयाल गुप्ता मच्छीपुरा वाले करेंगे। समारोह में महाविद्यालय और विद्यालय स्तर पर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मेडल, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी।

## बालक-बालिकाओं को विधिक जानकारी दी

**भरतपुर ( निस )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान की अनुपालना में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुरके निर्देशानुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कसौदा, भरतपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। षिविर में डिप्टी, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, भरतपुर पुनीत गर्ग द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों केएंटी-रैगिंग कानून तथा परीक्षा में अनुचित साधनों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही नालसा स्कीम (नषे के प्रति जागरूकता और नषा मुक्त भारत योजना) 2025, नालसा स्कीमस, घरेलू हिंसा, निःषुल्क विधिक सहायता, कानूनी प्रक्रिया, बाल विवाह अभिशाप एवं उसके दुष्परिणाम, पोक्सो अधिनियम, बच्चों का हेल्पलाईन नं. 1098, नालसा के टोल-फ्री राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाईन नं. 15100 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013, अनुसूचित जाति/जनजाती के विरूद्ध अस्पृष्यता और अत्याचार के अपराधों से संबंधी कानून, नालसा थीम सॉन्ग, साइबर क्राइम, दहेज प्रथा, महिला सषक्तिकरण, बिना लाइसेन्स वाहन न चलाना, टैफिक नियम, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के बारे में बताया एवं उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

# 'स्वास्थ्य सेवाओं में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी'

- प्रभारी सचिव एवं संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया ने पैंगोर का सघन निरीक्षण किया
- विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनवाड़ी की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर दिशा-निर्देश दिए

**डीग/भरतपुर, (निसं)।** प्रभारी सचिव डीग एवं संभागीय आयुक्त भरतपुर नलिनी कठोतिया ने शुक्रवार को जिले के भ्रमण के दौरान ठाम पैंगोर स्थित विभिन्न राजकीय संस्थानों का औचक निरीक्षण कर सार्वजनिक सेवाओं और विकास कार्यों की गुणवत्ता का सघन अवलोकन किया। निरीक्षण की शुरुआत में उन्होंने शहीद मोहन सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पैंगोर का दौरा किया, जहाँ उन्होंने मिड-डे मील रसोई की स्वच्छता, छात्र उपस्थिति एवं मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना के अंतर्गत दुग्ध पाउडर के स्टॉक व वितरण प्रणाली की बारीकी से जांच की। विद्यालय में तकनीकी नवाचारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उन्होंने स्मार्ट क्लासेज और कंप्यूटर लैब की कार्यक्षमता को परखा तथा प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि विद्यालय परिसर में सघन पौधारोपण कर एक व्यवस्थित गार्डन विकसित किया जाए। इस दौरान उन्होंने शिक्षण स्तर को और अधिक प्रभावी बनाने तथा आगामी सत्र हेतु विद्यालय में छात्र नामांकन बढ़ाने के संबंध में आवश्यक निर्देश भी प्रदान किए।

निरीक्षण के द्वितीय चरण में संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया ने राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पैंगोर का औचक अवलोकन किया। यहाँ व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने सर्वप्रथम कार्मिक उपस्थिति पंजीका का मिलान किया, जिसमें केंद्र के प्रभारी चिकित्सक के ड्यूटी से नदारद रहने और कार्यस्थल पर उनकी अनुपस्थिति को अत्यंत गंभीरता से लिया गया। इस लापरवाही और राजकीय कर्तव्यों के प्रति शिथिलता के लिए उन्होंने संबंधित प्रभारी चिकित्सक को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर आने वाले प्रतिदिन के मरीजों की संख्या की जानकारी ली तथा दवाओं के स्टॉक, उनके सुरक्षित संठाहण और रखरखाव की स्थितियों का सूक्ष्म परीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तदुपरांत, प्रभारी सचिव ने ठाम पैंगोर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर पोषाहार एवं अन्य सामठियों का स्टॉक आवश्यकता से अधिक पाए जाने पर उन्होंने संसाधनों के समुचित उपयोग हेतु अतिरिक्त स्टॉक को अन्य जरूरतमंद केंद्रों पर भिजवाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के प्रति संवेदनशीलता प्रदर्शित करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उन बच्चों पर विशेष ध्यान केंद्रित करें जिनका वजन निर्धारित मानकों से कम है, ताकि कुपोषण की स्थिति में प्रभावी सुधार लाया जा सके। संभागीय आयुक्त के इस सघन निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्हें उन्होंने सभी विकास कार्यों और लोक सेवाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## फरार आरोपी पकड़ा

**गंगापुर सिटी ।** शहर के बहुचर्चित गंगापुर सिटी के पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र हत्याकांड के वांटेड को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी 11 सालों से फरार था, जिस पर 20 हजार रुपए का इनाम भी घोषित है। मानटाउन थानाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि जिला विशेष टीम ने ऑपरेशन शिकंजा के तहत कार्रवाई की, जिसमें इनामी बदमाश रणजीत सिंह पुत्र सुरजीत सिंह, निवासी दारापुर, जिला मोगा (पंजाब) को मोगा से गिरफ्तार किया। एसपी अनिल कुमार बेनीवाल ने बताया कि प्रेम देवी अग्रवाल, निवासी गंगापुर सिटी ने 9 जून 2015 को थाना गंगापुर सदर में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। बताया था कि उनके पति प्रकाश चंद अग्रवाल की अज्ञात बदमाशों ने घर के बाहर वाहन में बैठते समय गोली मारकर हत्या कर दी। वे पूर्व पालिकाध्यक्ष थे, जिन्हें लोग प्रकाश चंद चेयरमैन के नाम से जानते थे।

# केंद्रीय बजट जन-कल्याणकारी व दूरदर्शी: मानसिंह गुर्जर

- मूल उद्देश्य गरीब कल्याण, किसान के उत्थान और युवाओं के भविष्य को मजबूत करना

**गंगापुर सिटी।** भारतीय जनता पार्टी जिला सवाई माधोपुर द्वारा आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट को जन-कल्याणकारी और दूरदर्शी बताया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर और जिला मोर्चा प्रभारी जमनालाल वैष्णव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने कहा कि बजट का मूल उद्देश्य गरीब के कल्याण, किसान के उत्थान, मातृशक्ति के सम्मान और युवाओं के भविष्य को मजबूत करना है। गुर्जर ने आगे कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत की सोच पर आधारित है, जिसमें संरचनात्मक सुधार, राजकोषीय अनुशासन और सतत निवेश पर विशेष जोर दिया गया है। इसमें रोजगार सृजन, कृषि उत्पादकता में वृद्धि, परिवारों की क्रय शक्ति को मजबूत करने और सार्वभौमिक सेवाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बजट को युवा शक्ति से प्रेरित बताते हुए कहा कि शिक्षा को रोजगार और उद्यमिता से जोड़ने के लिए एक स्थायी समिति के गठन का प्रस्ताव किया गया है। गुर्जर के अनुसार टियर-2 और टियर-3 शहरों में व्यावसायिक संस्थानों के माध्यम से अल्पकालिक और व्यवहारिक पाठ्यक्रम शुरू कर प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार किया जाएगा। गुर्जर ने यह भी बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में आतिथ्य, एनीमेशन, गेमिंग और रचनात्मक उद्योगों को बढ़ावा दिया गया है। निर्यात को गति देने के लिए निर्यात प्रोत्साहन मिशन और वायु माल ढुलाई अवसंरचना के उन्नयन का प्रावधान किया गया है। ग्रामीण भारत के लिए खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प को वैश्विक बाजार से जोड़ने की योजना और किसानों के लिए तिलहन उत्पादन बढ़ाने के कदम इस बजट को समग्र विकास की दिशा में मजबूत बनाते हैं।

# बढ़ते अत्याचारों पर अनुसूचित जाति परिषद की बैठक

**भरतपुर ( निस )।** अखिल भारत अनुसूचित जाति परिषद भरतपुर की बैठक परिषद के अध्यक्ष एवं राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी एस.सी विभाग के प्रदेश महासचिव लक्ष्मण सिंह कैन की अध्यक्षता में हुई। परिषद के महासचिव महंत मन्नूदास महाराज ने बताया कि बैठक को सम्बोधित करते हुए लक्ष्मण सिंह कैन ने कहा कि राजस्थान में अनु0 जाति के लोगों पर आये दिन अत्याचार हो रहे हैं, सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है, थानों में मुकदमा दर्ज नहीं होते हैं, पीडितों को न्यायालय की शरण लेनी पडती है। भरतपुर में जाटव समाज अनु0 जाति के लोगों के साथ आये दिन घटनाऍं हो रही हैं, जमीनों को दबाया जा रहा है, बयाना तहसील के ठाम सेउपुरा में जाटवों की खातेदारी की जमीन पर दबंगों ने जबरन कब्जा कर लिया पीडितों के द्वारा विरोध करने पर मारपीट की जिसका मु.सं. 64/2025 थाना गढी बाजना पर दर्ज कराया। जब पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं होने पर पीडित परिजन अनुसंधान अधिकारी सी.ओ. बयाना पर मांग करने गये तो वहां अपराधी बैठे हुए मिले उन्होंने पीडितों के साथ मारपीट की तथा एक महिला सोनम का मारपीट में गर्भपात भी हो गया, उल्टा पीडित परिजनों को ही पुलिस ने हवालात में बंद कर दिया जिसमें बंद कर मारपीट की तथा बुजुर्ग देवीसिंह की मूँछों को उखाड दिया, एक युवक के हाथ में फ्रेक्चर हो गया जिसके रिपोर्ट थाने पर करनी चाही पर दर्ज नहीं की जिस पर पीडितों द्वारा अपने अधिवक्ता अजीत सिंह केन के माध्यम से विशिष्ट न्यायालय एससी/एसटी कोर्ट में परिवाद पेश कराया जिस पर माननीय अदालत द्वारा सी ओ एवं एस एच ओ के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने के आदेश दिये जिस पर पुलिस थाना बयाना पर मु.नं. 10/26 दर्ज किया गया है जिसकी जांच एडीशनल एस.पी. बयाना कर रहे हैं । इसी प्रकार गांव धौरमुई में अनु.जाति की महिला सोनदेई के ससुर के नाम के पटटे की जमीन पर दबंगों द्वारा जबरन करने के लिए मारपीट की जिसका मं.नं.163/25 थाना उद्योग नगर पर दर्ज है। पीडिता न्याय के लिए ठोकर खाती फिर रही है। मीटिंग का संचालन महंत मन्नूदास महाराज ने किया। मीटिंग में जाटव महासभा के अध्यक्ष हरदेव सिंह, अनूप, हरी सिंह, महेश बराखुर, अजीत सिंह केन, सुरेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## आईआईआरएम भरतपुर का शैक्षिणक भ्रमण

**भुसावर भरतपुर ( निस )।** कृषि महाविद्यालय भुसावर के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन एनएसएस वॉलण्टियर्स ने भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान भरतपुर का भ्रमण किया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को सरसों पर चल रहे नवीनतम शोध की जानकारी दी गयी। संस्थान के आर.सी.मीना ने ब्रेसिका स्पीड ब्रीडिंग लैब, टेक्नोलॉजी पार्क, मौसम बेधशाला, अभियांत्रिकी यंत्र कार्यशाला आदि की व्यावहारिक जानकारी दी। एनएसएस प्रभारी डॉ. मोहित कुमार ने बताया कि भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को सरसों तेल उद्योग, तूडी से जैविक खाद बनाने, वर्षा जल संचय एवं बीजोत्पादन कार्यक्रम की जानकारी दी गयी।

## लैटरल एंट्री चयन परीक्षा आज

**गंगापुर सिटी।** पीएम श्री जवाहर नवोदय स्कूल जाट बडौदा में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9 और 11 में प्रवेश के लिए लैटरल एंट्री चयन परीक्षा आज शनिवार को आयोजित की जाएगी। सवाई माधोपुर जिले के अभ्यर्थियों के लिए पीएम श्री जवाहर नवोदय स्कूल जाट बड़ौदा, गंगापुर सिटी को एकमात्र परीक्षा केंद्र निर्धारित किया गया है। स्कूल प्रिंसिपल डॉ. रमेश बाबू ने बताया कि कक्षा 9 की प्रवेश परीक्षा के लिए 208 और कक्षा 11 के लिए 197 विद्यार्थियों का पंजीकरण हुआ है। अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

# विबिजीरामजी योजना विकसित भारत की दिशा में मील का पत्थर : शंकर गौरा

**करौली ।** विबिजीरामजी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शंकर गौरा ने कहा कि यह योजना विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि कांठोस सरकार के समय लागू की गई नरेगा योजना में कई खामियां थीं और उसमें विकास का कोई स्पष्ट मार्गदर्शन नहीं था, जबकि ठाम योजना पारदर्शिता, तकनीक और दीर्घकालीन विकास पर केंद्रित है।

शंकर गौरा ने दोनों योजनाओं का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि ठाम योजना में कार्यदिवसों को 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। साथ ही सामान्य राज्यों में केंद्र व राज्य का बजट अनुपात 60:40, जबकि पूर्वोत्तर व हिमालयी राज्यों में 90:10 रहेगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत जल संरक्षण, ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने वाले कार्यों पर विशेष फोकस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजना में ट्रैकिंग, रियल टाइम डैशबोर्ड, साप्ताहिक पारदर्शिता रिपोर्ट और वार्षिक सामाजिक ऑडिट की व्यवस्था रहेगी, जिन पर आधारित निगरानी की जाएगी, जिससे भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगेगा। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री अर्जुन सिंह धावाई, जिला महामंत्री सुरेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष शिवपुराम मीणा, जिला मीडिया संयोजक मुकेश सालोत्री, मंडल अध्यक्ष नमो नारायण मीणा, गीता देवी, बलराम सिंह, सत्यवीर तिगरिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित शर्मा, हरिचरण व्यास, नीरज, दीपक, हिमांशु, संदीप, अभिषेक सहित सैकड़ों भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कुटुंब प्रबोधन ही समाज की वास्तविक आधारशिला : ओमवीर सिंह फौजदार

- 'भारतीय संस्कृति में परिवार केवल साथ रहने की व्यवस्था नहीं, बल्कि संस्कारों, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्वों की प्रथम पाठशाला होता है'

**भरतपुर, (निसं)।** कुम्हाँ मंडल के तत्वावधान में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन बडे उत्साह, श्रद्धा और गरिमा के साथ किया गया। सम्मेलन से पूर्व पूरे कुम्हाँ ग्राम में मातृशक्ति द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा ग्राम के विभिन्न मार्गों से होती हुई बड़े स्कूल परिसर पहुँची, जहाँ विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन स्थल पर ग्राम की बहनों द्वारा योग के महत्व को दर्शाते हुए सामूहिक योग प्रदर्शन किया गया।

मंच से योग के माध्यम से स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और संस्कारित जीवन का संदेश देते हुए सभी माता-बहनों, बुजुर्गों एवं उपस्थित जनसमूह को योग अपनाने का आ ान किया गया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता राहुल ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक पनघट, एक मंदिर और एक श्मशान की भावना ही सच्चे अर्थों में हिंदू समाज की एकता और सामाजिक समरसता का आधार है।

उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त भेदभाव और विभाजन को समाप्त कर समानता, सद्भाव और एकता की भावना को सशक्त करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मुख्य वक्ता ने आव्हान किया कि जन्म से लेकर जीवन और अंत्येष्टि तक सभी सामाजिक व्यवस्थाएं बिना किसी भेदभाव के एक समान हों। तभी एक संगठित, सशक्त और समरस समाज का निर्माण संभव हो सकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ओमवीर सिंह फौजदार ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि कुटुंब प्रबोधन ही समाज की वास्तविक आधारशिला है। सशक्त परिवारों से ही सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में परिवार केवल साथ रहने की व्यवस्था नहीं, बल्कि संस्कारों, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्वों की प्रथम पाठशाला होता है। अध्यक्ष ने युवाओं से पारिवारिक मूल्यों, बुजुर्गों के सम्मान और सामाजिक दायित्वों को अपने जीवन में अपनाने का आ ान करते हुए संयुक्त परिवार की परंपरा को जीवित रखने पर विशेष बल दिया।

कार्यक्रम में संजय डांगी, बच्चू सिंह, केशव सिंह, लाखन सिंह, फ़तेह सिंह, राजबहादुर सिंह, जगदीश, केशव सिंह, विक्रांत, सुरजीत, सिद्धार्थ, सतवीर, अनिल, मनीष, विवनेश सहित सैकड़ों ठामवासी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं सकल हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे। सम्मेलन के माध्यम से सामाजिक एकता, सांस्कृतिक मूल्यों, योग, कुटुंब प्रबोधन और समरसता का स्पष्ट संदेश दिया गया।

सार-समाचार

## दहेज विरोधी पहल पर वाल्मीकि समाज का सम्मान

**भरतपुर ( निस )।** अनाह गेट वाल्मीकि मंदिर पर आयोजित सामाजिक समारोह में दहेज को एक दंश मानते हुए सामाजिक सरोकार में बदलने का वाल्मीकि समाज ने स्वागत किया गया। दहेज की राशि वापस लौटाने और सामाजिक सरोकारों में नई पहल करने हेतु भरतपुर अनाह गेट निवासी एवं राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय अजमेर में प्रो. डॉ.अक्षांश भारद्वाज एवं उनके परिजनों का वाल्मीकि समाज भरतपुर के वरिष्ठ नेता भगवानदास आदि ने स्वागत किया और इस पहल को एक सामाजिक सरोकार बताते हुए सभी समाजों को अपनाने की अपील की। स्वागत समारोह में जगदीश डागुर, रमेश जमादार, करुणानंद भारतीय प्रदेश अध्यक्ष सन्त समाज, श्याम, इंदर, रमेश कच्चा परकोटा समिति सदस्य, महेश, अमरसिंह, अनिल, बिरजू, धर्मसिंह, सुगढ़ सिंह, विष्णु, हितेश, तुषार जादौन, लक्ष्मण जमादार, ललित, रोजी कुमारी, विमला देवी, रेखा देवी, आशा देवी, दयावती एवं समस्त वाल्मीकि समाज के पुरुष एवं महिलाओं ने फूलमाला एवं साफा बांधकर स्वागत किया गया। इस मौके पर कच्चा पर कोटा नियमन संघर्ष समिति के संयोजक जगराम धाकड़ की अध्यक्षता में कांठोस नेता यदुनाथ सिंह दारापुरिया, गुर्जर समाज के जिला अध्यक्ष राम चंदेला, वरिष्ठ अधिवक्ता कामरेड गांधीदेव, भगवान सिंह चाहर, महेंद्र सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष इंद्रजीत भारद्वाज का भी माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। स्वागत समारोह का संचालन श्रीराम चंदेला द्वारा किया गया।

## पशुपालक को आर्थिक सुरक्षा का संबल

**भरतपुर ( निस )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे ग्राम उत्थान शिविर ग्रामीणों के लिए राहत और विश्वास का माध्यम बन रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र ठामीणों तक सरल एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में उपखंड भुसावर की ग्राम पंचायत पथैना में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर के दौरान किसान दीपचंद्र ने अपनी भैंस के निःशुल्क बीमा के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। शिविर में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत उनकी भैंस का 40 हजार रुपये का निःशुल्क बीमा मौके पर ही किया गया। इससे किसान को भविष्य में किसी भी आकस्मिक स्थिति में आर्थिक सुरक्षा का मजबूत सहारा मिलेगा। किसान दीपचंद्र ने बताया कि यह योजना दुधारू गाय, भैंस, भेड़, बकरी एवं ऊँट जैसे पशुओं के लिए संचालित की जा रही है, जिससे पशुपालकों को आर्थिक संबल मिल रहा है। उन्होंने इस योजना को पशुपालक हितैषी बताते हुए राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। ठाम उत्थान शिविर पथैना में शिविर प्रभारी तहसीलदार एवं विकास अधिकारी की उपस्थिति में लाभार्थी दीपचंद्र को पशु बीमा पॉलिसी का वितरण किया गया। मौके पर ही आवेदन स्वीकार कर लाभ प्रदान किए जाने से ठामीणों में सरकार के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। यह सफलता कहानी दर्शाती है कि ठाम उत्थान शिविर के माध्यम से सरकार की योजनाएं अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रही हैं और ठामीण जीवन को सुरक्षित व आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

## अस्पताल का औचक निरीक्षण

**गंगापुर सिटी।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर और उप जिला कलेक्टर ने शुक्रवार को निर्माणाधीन खेल स्टेडियम, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) और राजकीय जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की बारीकी से जांच की। निर्माणाधीन राजकीय जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान उपयोग की जा रही सीमेंट, गिट्टी और सरियों की गुणवत्ता परखी गई। साथ ही, प्लास्टर, पुट्टी और रंग-रोगन के कार्यों की भी जांच की गई। मौके पर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहायक अभियंता और अधिशासी अभियंता उपस्थित रहे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। इसके बाद उप जिला कलेक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता के साथ निर्माणाधीन खेल स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने और निर्धारित समय सीमा का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आईटीआई के निरीक्षण के दौरान विभिन्न व्यवसायों की प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया गया। उप जिला कलेक्टर ने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर उन्हें अधिक मेहनत और कौशल विकास के लिए प्रेरित किया।

## जमींदोज कराने की मांग उठाई

**भुसावर भरतपुर ( निस )।** कस्बा भुसावर के अमर शहीद रमेश स्वामी पार्क में बना सामुदायिक भवन पूरी तरह क्षतिग्रसत हो गया। जिसे लेकर कस्बा भुसावर के लोगों ने उपखण्ड अधिकारी कार्यालय पहुँचकर ज्ञापन दिया और जर्जर सामुदायिक भवन को जमींदोज करवाने को लेकर मांग की। कस्बा भुसावर निवासी स्वामी परिवार के सदस्य वीरेन्द्र स्वामी, सुनील स्वामी, अनिल स्वामी सहित कस्बा निवासी लोगों ने दिये गये ज्ञापन में बताया है कि अमर शहीद रमेश स्वामी पार्क में कई बर्षो पूर्व विधायक निधि से एक सामुदायिक भवन का निर्माण करवाया गया था। जिसमें सर्वसमाज के कार्यक्रम हुआ करते थे। लेकिन सामुदायिक भवन पूरी तरह क्षितठास्त और जीर्ण शीर्ण अवस्था में हो गया है। 5 फरवरी 2026 को जब बलिदान दिवस मनाया जा रहा था तब भी सामुदायिक भवन की जीर्ण शीर्ण छत से मलवा गिरने लग गया। लेकिन गनीमत रही किसी को कोई जनहानि नही हुई।

## नये जीएसएस का भूमि पूजन

**भरतपुर ( निस )।** आगामी गर्मियों में भरतपुर शहर के विद्युत उपभोक्ताओं को अब और भी ज्यादा भरोसेमंद एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलने लगेगी। बीईएसएल के जनसंपर्क अधिकारी सुधीर प्रताप सिंह ने बताया कि बीईएसएल के सीओओ आकाश सक्सेना ने आज ब्रिगेडियर घासीराम नगर कॉलोनी में 33/11 केवी जीएसएस के निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन किया, जो मई 2026 तक बन कर तैयार हो जायेगा। कुल 1300 वर्ग फुट क्षेत्र में करीब 3.5 से 4 करोड की लागत से इस जीएसएस का निर्माण बीईएसएल करा रही है। इस जीएसएस में घासीराम नगर, मोती महल और सरस डेयरी के नाम से फिलहाल 3 फीडर होंगे, जिनसे लगभग 9 से 10 हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।

## बैठक में चुनावी रणनीति पर चर्चा

**भरतपुर ( निस )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री व पूर्व विधायक चाकसू वेद प्रकाश सोलंकी के भरतपुर आगमन पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष हरजीत सिंह सांखला के नेतृत्व में माला पहनाकर, तस्वीर भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। पूर्व विधायक वेद प्रकाश सोलंकी द्वारा एनएसयूआई टीम एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की मीटिंग ली। मीटिंग में आगामी जिला परिषद व पंचायत समिति के चुनावों पर चर्चा की। एनएसयूआई संगठन के पदाधिकारियों को भी चुनाव लडने के लिए आव्हान किया। एनएसयूआई कांग्रेस पार्टी की रीढ की हड्डी है और युवाओं को इसमें आगे आना चाहिये। मीटिंग को सम्बोधित करते हुए एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष हरजीत सिंह सांखला ने युवाओं से आव्हान किया कि आगामी नगर निकाय चुनावों में बढ चढकर हिस्सा लेवें एवं कांठोस पार्टी के प्रत्याशियों को जीत दिलाने में सहयोग प्रदान करें।

राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग परिषद जयपुर से संबद्ध
**साक्षी आयुष नर्स/कंपाउंडर प्रशिक्षण केन्द्र, कजानीपुर, हिण्डौन सिटी, करौली राजस्थान**
**प्रवेश विज्ञप्ति सत्र- 2025-26**
RANC,जयपुर द्वारा आयोजित काउंसलिंग के पश्चात् रिक्त रही सीटों पर आवेदन पत्र 11.02.2026 तक आमंत्रित किए जाते हैं।
**योग्यता-**किसी भी विषय से 12वीं पास एवं 31.12. 2025 तक 17 वर्ष की आयु पूर्ण होना आवश्यक हैं।
संपर्क सूत्र-7378157663
प्राचार्य
**नोट:-**काउंसलिंग की सूचना कॉलेज नोटिस बोर्ड पर चस्पा एवं दूरभाष द्वारा दे दी जाएगी

राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग परिषद जयपुर से संबद्ध
**निर्मल आयुर्वेद नर्स कंपाउंडर प्रशिक्षण केंद्र**
**हिण्डौन सिटी जिला-करौली, राजस्थान**
**प्रवेश विज्ञप्ति सत्र- 2025-26**
RANC, जयपुर द्वारा आयोजित काउंसलिंग के पश्चात् रिक्त रही सीटों पर आवेदन पत्र 11.02.2026 तक आमंत्रित किए जाते हैं।
**योग्यता-** किसी भी विषय से 12वीं पास एवं 31.12. 2025 तक 17 वर्ष की आयु पूर्ण होना आवश्यक हैं।
संपर्क सूत्र-9414126613
प्राचार्य
**नोट-**काउंसलिंग की सूचना कॉलेज नोटिस बोर्ड पर चस्पा एवं दूरभाष द्वारा दे दी जाएगी